भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **+313**

मंगलवार, 04 फरवरी, **2020/15** माघ, **1941** (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में रामायण सर्किट और बौद्ध सर्किट का विकास

+313. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रामायण सर्किट और बौद्ध सर्किट बनाने के लिए बिहार को कोई विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करेगी;

(ख) क्या सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भगवान राम से संबंधित धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कोई विशेष योजना तैयार की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रह्लाद सिंह पटेल)

(क) से (ग): मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत देश में थीमेटिक पर्यटक परिपथों के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इस योजना के अंतर्गत रामायण तथा बौद्ध परिपथ विकास हेतु अभिज्ञात **15** परिपथों में शामिल हैं । मंत्रालय ने रामायण परिपथ के अंतर्गत विकास हेतु प्रारंभ में देश के **15** स्थानों को अभिज्ञात किया था । सीतामढ़ी, बक्सर तथा दरभंगा बिहार में रामायण परिपथ के तहत विकास हेतु अभिज्ञात स्थल हैं । इस योजना के अंतर्गत बिहार में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है । रामायण परिपथ के अंतर्गत राज्य में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है ।

****

अनुबंध

बिहार में रामायण सर्किट और बौद्ध सर्किट का विकास के संबंध में दिनांक 04.02.2020 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. +313 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

बिहार में स्वदेश दर्शन परियोजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली- आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास	**52.39**
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवड़िया रूट का एकीकृत विकास: सुल्तानगंज से देवघर	**52.35**
3.	बौद्ध परिपथ 2016-17	बोधगया, बिहार में केंद्र का निर्माण	**98.73**
4.	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा- चन्द्रहिया- तुरकौलिया का विकास	**44.65**
5.	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश का विकास	**53.49**

****